NBT स्मार्ट रीडर

सोमा डे ने यह तस्वीर भेजी है। मालाड पश्चिम के मालवणी फायर ब्रिगेड कार्यालय के पास स्टेशन से मार्वे रोड तक बड़ी संख्या में राजनीतिक बैनर लगाए गए हैं। इन बैनरों के कारण सड़क पर वाहन चालकों, खासकर बाइक सवारों को दुर्घटना का डर बना हुआ है। हाई कोर्ट के बैनर लगाने पर प्रतिबंध के बावजूद यहां बड़े पैमाने पर बैनरबाजी जारी है।

आप भी हमें बताएं आम जनता की समस्याएं

'मुद्दा पब्लिक का' आपकी समस्याओं को आवाज देने के लिए ही शुरू की गई पहल है। इसमें आपका शामिल होना जरूरी है। आप भी अपने आसपास की ऐसी समस्याओं को देखकर चुप न रहें। एनबीटी तक अपनी आवाज पहुंचाएं। हम इन्हें सरकार और प्रशासन तक पहुंचाएंगे, ताकि इनका हल निकले।

9967397376 नंबर पर समस्याओं की तस्वीरें हमें अपने नाम और डिटेल के साथ वॉट्सऐप करें।

पर्युषण: 11 हजार भाविक करेंगे सामूहिक संवत्सरी प्रतिक्रमण

घाटकोपर में श्रीनम्रमुनि महाराज साहेब के सान्निध्य में आध्यात्मिक आयोजन

Krishna.Shukla@timesofindia.com

■ **मुंबई:** पर्युषण महापर्व के समापन अवसर संवत्सरी पर मंगलवार (15 सितंबर) को घाटकोपर में राष्ट्रसंत श्रीनम्रमुनि महाराज साहेब के सान्निध्य में विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर करीब 11 हजार श्रावक-श्राविकाएं सामूहिक संवत्सरी प्रतिक्रमण करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8:30 बजे श्रीनम्रमुनि महाराज के क्षमापना विषय पर विशेष प्रवचन से होगी। दोपहर 3 से 5 बजे तक 'बंद आंखों से अंतर्मन की आलोचना' कार्यक्रम होगा। इसमें भाविक अपने भीतर झांककर अपनी भूलों और कर्मों का आत्मनिरीक्षण करेंगे तथा आत्मशुद्धि की साधना करेंगे। शाम 6:30 बजे 11 हजार भाविकों की उपस्थिति में भव्य सामूहिक संवत्सरी प्रतिक्रमण होगा। इस दौरान श्रावक-श्राविकाएं अपनी भूलों और अपराधों के लिए क्षमा याचना करेंगे और एक-दूसरे के प्रति क्षमा भाव धारण करेंगे। यह आयोजन घाटकोपर स्थानकवासी जैन संघ, जैन जागृति सेंटर, काठियावाड़ी समाज और झालावाड़ समाज के सहयोग से किया जा रहा है।

पर्युषण पर्व

यह अवसर संवत्सरी के मूल संदेश 'अपनी भूल का स्वीकार, सभी से क्षमायाचना और सभी को हृदयपूर्वक क्षमा' को साकार करने वाला एक विशिष्ट आध्यात्मिक प्रसंग बनेगा। क्षमा का अर्थ केवल 'माफ कर देना' नहीं, बल्कि अंतर्मन में संचित राग, द्वेष, अहंकार और कटुता को पिघलाकर संबंधों में प्रेम तथा हृदय में निर्मलता प्रकट करने वाले आध्यात्मिक मार्ग का बोध इस प्रवचन का मुख्य केंद्र रहेगा।

कांदिवली: पर्युषण के पांचवें दिन व्रत चेतना का संदेश

NBT रिपोर्ट, मुंबई: जैन श्वेतांबर के महापर्व पर्युषण के पांचवें दिन को कांदिवली के तेरापंथ भवन में व्रत चेतना दिवस के रूप में मनाया गया। साध्वी श्रीविद्यावती 'द्वितीय' ठाणा 5 ने कहा कि पर्युषण का हर दिन त्याग-तप का संदेश लेकर उदित होता है। श्रावक पर्युषण में स्वयं के भीतर जागृति पैदा करता है। स्वाध्याय, ध्यान, जप, सामयिक एवं मौन आदि की धर्माराधना कर ऊर्जा प्राप्त की जा सकती है। प्रवचन में उन्होंने अणुव्रत के लक्ष्य के तहत अहिंसक समाज की संरचना, मैत्री, एकता, शांति अध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों की प्रतिष्ठा पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर प्राणी को जीने का अधिकार है। प्रवचन में उन्होंने अहिंसा का भी संदेश दिया। वही साध्वी प्रियंवदाजी ने प्रवचन में कहा कि व्रत से आत्मा निर्मल बनती है। व्रत से अपने भव सीमित हो जाते हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि यदि आचरण नहीं सुधरा, तो विकास बंद हो जाएगा। प्रवचन में उन्होंने अणुव्रत के महत्व को भी समझाया।

ट्रेन में सवार यात्रियों ने किए गेट बंद, दूसरे यात्रियों को चढ़ने से रोका

कोकण कन्या एक्सप्रेस में RPF के हस्तक्षेप के बाद खुले दरवाजे

Pics: Kaushik Naik

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** गणेशोत्सव के लिए बड़ी संख्या में मुंबईकर अपने कोकण स्थित गांव की ओर रवाना हो रहे हैं। ऐसे में कोकण की ओर जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। अब तक करीब 350 से ज्यादा स्पेशल ट्रेन का ऐलान किया जा चुका है, जिसमें से अधिकतर ट्रेन रवाना हो चुकी हैं। इसी बीच मुंबई से चलने वाली कोकण कन्या एक्सप्रेस में ठाणे स्टेशन पर यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने से रोकने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, कोकण कन्या एक्सप्रेस ठाणे स्टेशन पर पहुंची, तो जनरल डिब्बे के अंदर मौजूद यात्रियों ने दरवाजा बंद कर लिया। इस कारण ट्रेन में चढ़ने के लिए खड़े यात्रियों को अंदर जाने का मौका नहीं मिला। दरवाजा नहीं खुलने पर यात्रियों ने स्टेशन पर मौजूद होमगार्ड जवानों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद मामले की जानकारी रेलवे सुरक्षा बल के जवानों तक पहुंची। आरपीएफ जवानों के हस्तक्षेप के बाद दरवाजा खोला गया। ट्रेन में चढ़ने के लिए प्लैटफॉर्म पर इंतजार कर रहे यात्रियों को इस तरह रोके जाने से काफी नाराजगी देखने को मिली।

CSMT से कोकण रवाना हुई 'नमो एक्सप्रेस'

CSMT से शनिवार की 'नमो एक्सप्रेस' को हरी झंडी दिखाते मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा और मुंबई बीजेपी अध्यक्ष अमित साटम।

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** कोकण जाने वाले गणेश भक्तों के लिए हर साल की तरह इस साल भी लोढ़ा फाउंडेशन ने कोकण 'नमो एक्सप्रेस' की विशेष व्यवस्था की। शनिवार को CSMT से सुबह 11 बजकर 5 मिनट पर ट्रेन कोकण के लिए रवाना हुई। इसे मुंबई बीजेपी अध्यक्ष तथा विधायक अमित साटम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नमो एक्सप्रेस CSMT से सावंतवाड़ी तक चलेगी। कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने बताया कि गणेशोत्सव हर मराठी भाषी लोगों की भावनाओं से जुड़ा पर्व है। मुंबई में काम करने वाले लोग सपरिवार बाप्पा के दर्शन के लिए अपने गांव जाते हैं। वहीं, शुक्रवार शाम 6 बजे अगस्त क्रांति मैदान से गणेशोत्सव के अवसर पर कोकण जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए पांच विशेष बसें रवाना की गई।

मुंबई हलचल | आप हमें 81045 87231 पर जानकारी वॉट्सऐप भी कर सकते हैं।

महाराजा अग्रसेन के जयंती समारोह की तैयारियों पर चर्चा

महाराजा अग्रसेन की 5180वीं जयंती समारोह की तैयारियों एवं विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर अग्रवाल सेवा समाज ने बैठक की। यह बैठक गरवारे क्लब में आयोजित की गई। इस दौरान अग्रवाल सेवा समाज के चेयरमैन सुरेश अग्रवाल, प्रेसिडेंट शीतल अग्रवाल, महामंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष गोपाल जैन, ट्रस्टी कान बिहारी अग्रवाल सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बता दें कि बिरला मातुश्री सभागार, मरीन लाइंस में 10 अक्टूबर को 5 बजे से मुख्य समारोह होगा। 12 अक्टूबर को भव्य शोभायात्रा में विभिन्न झांकियों, 18 राजकुमार और महाराजा श्री अग्रसेन व कुलदेवी माता महालक्ष्मीजी की भी शोभायात्रा निकलेगी। यह यात्रा अग्रसेन भवन ठाकुरद्वार से होकर मुंबादेवी, कालबादेवी रोड होते हुए भाटिया महाजन वाड़ी पर विश्राम लेगी।

परोपकार संस्था ने स्टेशनरी बांटी

विद्यार्थियों की शिक्षा को प्रोत्साहन देने एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता के उद्देश्य से परोपकार संस्था द्वारा 50 विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म, नोटबुक एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्था के अध्यक्ष रामकिशोर दरक के मार्गदर्शन में किया गया। संस्था के महामंत्री नरेश बंसल के हाथों सामग्री वितरित की गई।

अंतर-महाविद्यालयीन गायन प्रतियोगिता का आयोजन



के. जी. मित्तल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के कनिष्ठ विभाग में स्वर्गीय राजेंद्र मित्तल स्मृति पुरस्कार अंतर-महाविद्यालयीन गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह कार्यक्रम हिंदी साहित्य परिषद के संयोजन में हुआ। शुभारंभ निदेशिका डॉ. सुहासिनी आर्या, प्राचार्या डॉ. शगुन श्रीवास्तव, उप-प्राचार्या मनीषा सिंह तथा अध्यापिका हेमा माजगावकर ने किया। निर्णायक के रूप में डॉ. ममता झा, सुनीता चौहान तथा विशिष्ट अतिथि गायिका डॉ. शैलेश श्रीवास्तव उपस्थित थीं।

श्रद्धालुओं के लिए फ्री विशेष बस चलाई

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** गणपति बाप्पा के आगमन के साथ ही मुंबई में रहने वाले हजारों कोकणवासी अपने गांव जाते हैं। ऐसे में कोकण जाने वाली ट्रेन और बसों में भक्तों को जगह नहीं मिलती। शनिवार को नगरसेवक डॉ. नितेश राजहंस सिंह ने अपनी तरफ से 20 बस रवाना की। सिंह ने बताया कि कालीना विधानसभा में रहने वाले गणेश भक्त आराम से अपने गांव पहुंच सकें, इसलिए इन बसों का प्रबंध किया है। भक्तों से किसी प्रकार का किराया नहीं लिया है। सिंह ने सभी गणेश भक्तों को गणेशोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष चंद्रकांत मोरे, मंडल अध्यक्ष बिना दिवेकर, मंडल अध्यक्ष दिपू सिंह, वार्ड अध्यक्ष प्रणव सावंत, भाग्येश चौधरी, शैलेश नगरकर, मंडल महामंत्री सचिन हणवते, रुपेश पवार, केशव शिंदे, रवींद्र आपटे, यदूजी, सहित सभी बस प्रमुख, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में गणेश भक्त उपस्थित रहे।

कल मनेगी हरितालिका तीज

- सुबह 7.07 बजे तक रहेगी तृतीया
- आचार्य पं. घनश्याम तिवारी ने दी जानकारी
- भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा का है विशेष महत्व

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया को हरितालिका तीज या गौरी तृतीया के भ्रम को लेकर आचार्य पंडित घनश्याम तिवारी ने स्थिति को साफ किया है। उन्होंने बताया कि कालमाधव के अनुसार— "मुहूर्तमात्रसत्त्वेऽपि दिने गौरीव्रतं परे। इस वर्ष तृतीया तिथि 14 सितंबर, सोमवार को सुबह 7.07 बजे तक रहेगी। इसलिए शास्त्रीय नियमों के अनुसार हरितालिका तीज का व्रत इसी दिन रखना ही उत्तम और शास्त्र सम्मत माना जाएगा।

ज्योतिर्विद् आचार्य पं घनश्याम तिवारी

पंडित घनश्याम ने बताया कि भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया को हरितालिका तीज या गौरी तृतीया कहा जाता है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा का विशेष महत्व है। प्रदोष वेला में तृतीया होने के कारण 13 सितंबर को ही तीज व्रत करने को बताया जा रहा है, लेकिन शास्त्र सम्मत चतुर्थी ही व्रत करने के लिए बताई गई है। उन्होंने बताया कि सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य, दांपत्य सुख और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के लिए यह व्रत रखती हैं। आचार्य तिवारी के अनुसार, शास्त्रों में तृतीया तिथि के बाद आने वाली चतुर्थी से युक्त तृतीया को व्रत के लिए श्रेष्ठ माना गया है। यदि सूर्योदय के बाद तृतीया तिथि कम से कम एक मुहूर्त तक रहती है, तो चतुर्थी युक्त तृतीया को व्रत के लिए ग्रहण करना उत्तम माना गया है। धर्मसिंधु में कहा गया है—"तत्र मुहूर्तमात्रतो न्यूनापि परा ग्राह्या।"

पेडिस्ट्रियन फर्स्ट मुहिम: कांदिवली में BMC ने 7 अवैध निर्माण तोड़े

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** BMC ने पेडिस्ट्रियन फर्स्ट मुहिम के तहत शनिवार को कांदिवली ईस्ट और वेस्ट फुटपाथ पर 7 अवैध निर्माण को BMC ने तोड़ दिया है, जबकि 42 दुकानों को नोटिस जारी किया। यह कार्रवाई अकुर्ली रोड और डॉ. दलवी रोड समेत कई इलाकों में की गई। कांदिवली में की गई कार्रवाई के बाद BMC की टीमें अब यह भी सुनिश्चित करेंगी कि हटाए गए अतिक्रमण दोबारा न हों। फुटपाथ पर दोबारा कब्जा करने वालों के खिलाफ नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

अब तक करीब 125 KM फुटपाथ अवैध कब्जे से मुक्त



बता दें कि BMC ने 1 अगस्त से मुंबई के फुटपाथ को इंफ्रास्ट्रक्चर फ्री करने के लिए पेडिस्ट्रियन फर्स्ट मुहिम की शुरुआत की है। इसके तहत अब तक करीब 125 किलोमीटर के फुटपाथ को अवैध कब्जे से मुक्त कराया है।

BMC के अनुसार, सड़क किनारे और फुटपाथ पर अवैध तरीके से बनाए गए ढांचे के कारण पैदल चलने वालों को काफी परेशानी हो रही थी। कई जगहों पर फुटपाथ पर कब्जा होने से लोगों को सड़क पर चलना पड़ रहा था, जिससे दुर्घटना का खतरा भी बना रहता था। इसे देखते हुए BMC ने इन इलाकों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके अलावा कई दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों ने फुटपाथ तक रैप बना दिए थे। इन रैप की वजह पैदल चलने वालों के लिए उपलब्ध जगह कम हो गई थी और उनका रास्ता बाधित हो रहा था।

BMC का कहना है कि शहर में फुटपाथ का इस्तेमाल मुख्य रूप से पैदल यात्रियों के लिए होना चाहिए। इसी उद्देश्य से पेडिस्ट्रियन फर्स्ट अभियान के तहत फुटपाथ पर अवैध कब्जे, अनधिकृत निर्माण और पैदल रास्ते में बाधा बनने वाली चीजों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

मंत्री से मिले टाइल्स मार्बल व्यापारी, बताई अपनी समस्याएं



■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** मुंबई सहित मेट्रोपॉलिटन रीजन के टाइल्स और मार्बल कारोबारी माथाडी कामगारों की कथित जबरन वसूली से परेशान हैं। कारोबारियों का आरोप है कि ट्रक-टेंपो से माल उतारने के लिए माथाडी के नाम पर पैसे मांगे जाते हैं और भुगतान नहीं करने पर गाड़ी खाली नहीं करने दी जाती। कारोबारियों का कहना है कि मार्बल, ग्रेनाइट उतारने के लिए प्रशिक्षित मजदूरों की जरूरत होती है। विले पार्ले मार्बल असोसिएशन के अध्यक्ष गजेंद्र भंडारी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कामगार मंत्री आकाश फुंडकर से मुलाकात की। फुंडकर ने शिकायतों को जायज बताते हुए कहा कि बेगैस माथाडी कामगारों पर कार्रवाई के लिए सरकार जल्द शासनादेश जारी करेगी।

मनोरंजन

अनुमोदन

विश्व हिंदी अकादमी एवं मालवा रंगमंच समिति

हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर आज 13 सितम्बर 2026 को

29 वें विश्व हिंदी अकादमी का विविध रंगी कार्यक्रम

- हिंदी की विकास यात्रा पर अंतरराष्ट्रीय परिसंवाद
- कवि सम्मेलन और मुशायरा
- अस्मिता गुप्त द्वारा नाट्य प्रस्तुति
- सुप्रसिद्ध गायक मनोरंजन झा की संगीतमय प्रस्तुति
- डिजीटल युग में हिंदी का महत्व, भूमिका और विकास पर चर्चा।

केशव राय स्टोरीटेलर व इंफ्लुएंसर

स्थान : इस्कॉन सभागार, जुहू, मुम्बई समय : शाम 6:30 बजे से

मुख्य प्रायोजक सह प्रायोजक एसोसिएट प्रायोजक

संपर्क : 9819483218/8422099000

बिल्लियों को मारने का आरोपी हुआ गिरफ्तार

आरोपी शिवा

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** चेंबूर इलाके में कई बिल्लियों की बेरहमी से हत्या करने के आरोपी शिवा नाम के शख्स को आरसीएफ पुलिस स्टेशन ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, LT मार्ग पुलिस ने चौथे मंजिल से कुत्ते की फेंक कर कथित हत्या कर वाले के खिलाफ केस दर्ज कर उसे तलाश रही है।

खार में मालवाहक ट्रक की चपेट में आने से मौत

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** खार वेस्ट के एसवी रोड पर शुक्रवार रात एक मालवाहक ट्रक की चपेट में आने से 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु हो गई। पुलिस ने 23 वर्षीय ट्रक चालक सोमराय नंदगोंड को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक, नंदगोंड ने तेज गति से ट्रक चला रहा था। इसके चलते घटना घटी। शव को भाभा हॉस्पिटल भेज दिया गया है। इससे पहले, दहिसर पुलिस ने भी एक डंपर चालक को गिरफ्तार किया था।

RVG Educational Foundation

57, Lallubhai Shamaldas Marg, Andheri (West), Mumbai - 400058.
Mobile : +91 8655752551 8655752552
Email : admin@rvgef.org Website : www.rvgef.org

आवश्यक सूचना

माननीय सदस्य,

सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संविधान के नियम 43(क) के अनुसार संस्था के 8 ट्रस्टियों के निर्वाचन तथा संविधान के नियम 26(क) के अनुसार व्यवस्थापिका सभा के 25 नए सदस्यों के निर्वाचन हेतु दिनांक 24 अगस्त 2026 को चुनाव विज्ञप्ति जारी की गई थी।

उक्त निर्वाचन के लिए वर्ष 2026–2032 हेतु संस्था के बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज एवं वर्ष 2026–2029 हेतु संस्था की व्यवस्थापिका सभा के लिए निर्धारित संख्या के बराबर ही वैध नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं।

अतः चुनाव अधिकारी मंडल द्वारा सभी वैध नामांकनकर्ताओं को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है।

तदर्थ, दिनांक 20 सितंबर 2026 को चुनाव नहीं होगा।

चुनाव अधिकारी मंडल
आर वी एज्युकेशनल फाउंडेशन

दिनांक : 10–09–2026

- सालाना आम बैठक (Annual General Meeting) रविवार, 20 सितंबर 2026 को शाम 4:15 बजे तय की गई है।
- विशेष आम बैठक (Special General Body Meeting) रविवार, 20 सितंबर 2026 को दोपहर 3:30 बजे तय की गई है।

सभी सदस्यों से विनम्र अनुरोध है कि कृपया उपर्युक्त बैठकों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

बिहार सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

उर्दू निदेशालय

ऑनलाइन उर्दू प्रशिक्षण के लिए आवश्यक सूचना

आईये! उर्दू पढ़ना–लिखना सीखें।

पटना सचिवालय एवं संलग्न कार्यालयों, सभी राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों तथा केन्द्रीय कार्यालयों में कार्यरत गैर उर्दूभाषी पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण तथा निजी क्षेत्रों (पत्रकारिता, साहित्य, वकालत, शिक्षा, समाजसेवा, आदि) से जुड़े उर्दू सीखने के इच्छुक व्यक्तियों को 70 दिनों (प्रतिदिन 02 घंटे) में निःशुल्क ऑनलाइन उर्दू पढ़ना–लिखना सिखाने की व्यवस्था उर्दू निदेशालय, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना के अधीन उर्दू अधिगम/प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा की गयी है।

2. ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र दिनांक–13.10.2026 से प्रारंभ हो रहा है। प्रशिक्षण कार्य अवकाश के दिनों को छोड़कर प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, बुधवार एवं वृहस्पतिवार को अपराह्न 1:00 बजे से 3:00 बजे तक संचालित होगा।
3. उर्दू पढ़ना–लिखना सीखने के इच्छुक बिहार एवं देश के अन्य सभी राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों तथा केन्द्रीय कार्यालयों के गैर उर्दूभाषी पदाधिकारी एवं कर्मचारी संलग्न विहित प्रपत्र में, अपने नियंत्री पदाधिकारी द्वारा अग्रसारित आवेदन–पत्र e-mail id-**urdulearning123@gmail.com** पर या निदेशक, उर्दू निदेशालय, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार के फणीश्वरनाथ रेणु हिन्दी भवन (निकट–आकाशवाणी), छज्जुबाग, पटना–800001 के पते पर निर्धारित डाक से भेज सकते हैं।
4. सभी गैर सरकारी क्षेत्रों के इच्छुक व्यक्ति (पत्रकार, साहित्यकार, वकील, शिक्षक, समाजसेवी, विद्यार्थी आदि) अपना आवेदन–पत्र सीधे उपर्युक्त ई–मेल आई०डी० या पत्राचार हेतु दिये गए पते पर भेज सकते हैं।
5. आवेदन–पत्र दिनांक–06.10.2026 के अपराह्न 5:00 बजे तक प्राप्त किये जाएंगे। आवेदन–पत्र का प्रपत्र विभागीय वेबसाइट **https://state.bihar.gov.in/csd** से डाउनलोड किया जा सकता है।
6. प्रशिक्षण–सत्र की समाप्ति के बाद निदेशालय द्वारा ऑनलाइन परीक्षा ली जाएगी। परीक्षा में सफल प्रशिक्षुओं को उर्दू अधिगम प्रमाण–पत्र प्रदान किया जाएगा।
7. उर्दू प्रशिक्षण से सम्बंधित अन्य आवश्यक जानकारी **मोबाइल नं०–9472270164 / 9470677425 / 8340725074 / 9709386256** पर प्रत्येक कार्यदिवस को कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती हैं।
8. भाषा एवं साहित्य में रूचि रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
9. नामांकन का पूर्ण अधिकार विभाग के पास सुरक्षित रहेगा।

(एस० एम० परवेज़ आलम)
अपर सचिव–सह–निदेशक

उर्दू निदेशालय, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अधीन संचालित
ऑनलाइन उर्दू भाषा प्रशिक्षण/अधिगम केन्द्र में नामांकन हेतु आवेदन का प्रपत्र।

पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ

1. नाम (हिन्दी में) :–
2. नाम (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) :–
3. पिता का नाम (हिन्दी/अंग्रेजी में) :–
4. पति का नाम (हिन्दी/अंग्रेजी में) :–
5. जन्म तिथि :–
6. पदनाम (केवल सरकारी पदा०/कर्मचारी)
7. विभाग/कार्यालय/कार्य–क्षेत्र का नाम :–
8. पेशा (गैर सरकारी व्यक्तियों के लिए) :– :–
9. स्थायी पता :–
10. पत्राचार का पता :–
11. व्हाट्सएप नम्बर :–
12. ई–मेल आई.डी. :–
13. उन भाषाओं के नाम, जिन्हें बोलना/पढ़ना/लिखना जानते/जानती हैं :–
14. पूर्व में यदि उर्दू भाषा की औपचारिक/अनौपचारिक शिक्षा प्राप्त की है, तो उसका विवरण :–

घोषणा :– घोषणा करता/करती हूँ कि उर्दू भाषा स्वेच्छा से सीखना चाहता/चाहती हूँ तथा इसके लिए पूरे शिक्षण–सत्र तक नियमित रूप से उपस्थित रहूँगा/रहूँगी।

आवेदक का हस्ताक्षर एवं तिथि

15. (i) आवेदन पत्र अग्रसारित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम :–
(ii) हस्ताक्षर एवं तिथि :–

नोट :15.(i) एवं (ii) बिहार एवं अन्य सभी राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों/केन्द्रीय कार्यालयों के सरकारी पदाधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक आदि के लिए है। सभी गैर सरकारी क्षेत्रों के अभ्यर्थी अपना आवेदन सीधे भेज सकते हैं।

उर्दू निदेशालय के उपयोग हेतु

1. बैच संख्या :–
2. रौल नं० :–
3. सत्र आरंभ होने की तिथि :– **13.10.2026**

PR. No. 011254 (CSD)2026-27